(150)

## खंड - V : प्रस्तावों का मूल्यांकन

1. कोई भी कार्य, उपलब्धि या योगदान तब तक पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे जब तक कि छानबीन समिति और चयन समिति के मत में यह कार्य सिविल अधिकार संरक्षण को प्रोत्साहित करने और अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के विरुद्ध अत्याचार अपराधों के निवारण के निमित्त कार्य में उत्कृष्ट प्रकार का न हो । नामांकनों पर विचार करते हुए, सेक्शन-I में वर्णित विस्तृत पैरामीटरों को ध्यान में रखा जाएगा ।

2. किसी गैर-सरकारी संगठन या वैयक्तिक मानव अधिकार कार्यकर्त्ता द्वारा अस्पृश्यता उन्मूलन और अनुसूचित जातियों के विरुद्ध अत्याचार अपराधों का मुकाबले करने के लिए आयोजित कोई व्यापक मान्य और प्रेरक जन आन्दोलन जिसने समाज को काफी प्रभावित किया हो, पर भी पुरस्कार का निर्णय करते हुए ध्यान में रखा जाएगा ।

6/-